प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
14.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

संचार–ड्रोन सेवा

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हिमाचल प्रदेश में डाक विभाग द्वारा ड्रोन आधारित डाक सेवा शुरू करने की घोषणा की है। यह सेवा राज्य में मंडी के प्रधान डाकघर और रेहरधर शाखा के बीच शुरू की गई है। संचार मंत्रालय ने बताया कि विभाग ने अगले दो से तीन महीने में हिमाचल प्रदेश और असम में लगभग 150 स्थानों पर ड्रोन आधारित डाक सेवा शुरू करने की योजना बनाई है। मंत्रालय ने बताया कि मंडी प्रधान डाकघर से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित रेहरधर शाखा तक पहुंचने में वर्तमान में दो घंटे से अधिक समय लगता है। ड्रोन सेवा से यह समय घटकर मात्र सात मिनट हो जाएगा।

योग सत्र

आयुष मंत्रालय ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले आयोजित कार्यक्रमों के तहत वैश्विक ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन किया। 130 से अधिक देशों ने इस कार्यक्रम में भागीदारी की। इस आयोजन का उद्देश्य योग में रुचि रखने वाले विश्वभर के लोगों को डिजिटल प्लेटफार्म पर साथ लाकर यू ट्यूब लाईव योग स्ट्रीम पर सर्वाधिक दर्शकों का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना है।

विश्व रक्त दान दिवस

आज विश्व रक्त दान दिवस है। यह दिन अमूल्य मानव जीवन बचाने और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाने में रक्त दाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। इस वर्ष की थीम है ''मानवता की एक बूंद–रक्त दान करें जीवन बचाएं'' आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने विश्व रक्तदान दिवस पर देशवासियों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि रक्त की एक–एक बूंद किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकती है और किसी परिवार में फिर से खुशी ला सकती है। उन्होंने लोगों से मानव जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया।

पूर्वाभ्यास

आपदा प्रबंधन की तैयारियों का आकलन करने के लिए प्रदेश में कल मेगा मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि अभ्यास के माध्यम से आपदा से निपटने की तैयारियों में मौजूद कमियों की पहचान कर उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

वहीं लाहौल–स्पीति जिला प्रशासन और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कल आयोजित होने वाले मॉक ड्रिल के सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे लाहौल स्पीति जिला संवाददाता ———————
''35''

लाहौल–स्पीति जिला प्रशासन और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण 15 जून को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बहु–आपदा मॉक ड्रिल आयोजित करेगा। उपायुक्त किरण भड़ाना ने बताया कि सुबह 9 बजे से

दोपहर 12 बजे तक और शाम 7 बजे से 8 बजे तक विभिन्न काल्पनिक आपदा परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया जाएगा।

मॉक ड्रिल के तहत सिस्सू में ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड, शाकस नाला में भूस्खलन, जाहलमा नाला में फ्लैश फ्लड, उदयपुर और काजा में भूकंप तथा बीलिंग वन क्षेत्र में रात्रिकालीन वनाग्नि से निपटने की तैयारियों का परीक्षण किया जाएगा। इसमें पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन सेवा, होमगार्ड, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा स्थानीय समुदाय की भागीदारी रहेगी। उपायुक्त किरण भड़ाना ने लोगों से अपील की है कि मॉक ड्रिल के दौरान सायरन, एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन गतिविधियों को देखकर घबराएं नहीं और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

किन्नौर –कैलाश

भगवान शिव के पवित्र धाम किन्नौर –कैलाश की वार्षिक यात्रा इस वर्ष 1 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। समुद्र तल से लगभग 6,050 मीटर यानी 19 हजार 8 सौ 50 फुट की ऊंचाई पर स्थित किन्नौर कैलाश शिवलिंग देश के प्रमुख धार्मिक व साहसिक तीर्थ स्थलों में से एक है। यह यात्रा भगवान शिव के प्रति आस्था का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसमें देश–विदेश से हजारों श्रद्धालु कठिन पर्वतीय मार्ग पार कर पवित्र शिवलिंग के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। अधिक व्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता की ये रिपोर्ट...............
....

समुद्र तल से लगभग 6,050 मीटर यानी 19,850 फीट की ऊंचाई पर स्थित किन्नौर कैलाश शिवलिंग देश के प्रमुख धार्मिक एवं साहसिक तीर्थ स्थलों में से एक है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन अधिकतम 375 यात्रियों को ही यात्रा की अनुमति दी जाएगी। राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यात्रा से जुड़े विभिन्न विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय संगठनों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में स्थानीय गाइडों और टूर ऑपरेटरों के लिए पंजीकरण अनिवार्य करने तथा उन्हें पहचान पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया।

महिला टी–20 विश्व कप

आईसीसी महिला टी–20 विश्व कप में आज भारत अपने अभियान की शुरूआत पाकिस्तान के साथ मैच से करेगा। ग्रुप ए का यह मैच बर्मिंघम के एजबेस्टान में भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से शुरू होगा। महिला टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत अब तक पाकिस्तान को 16 में से 13 मुकाबलों में हरा चुका है। टूर्नामेंट के मैच इंग्लैंड और वेल्स् में खेले जा रहे हैं। फाइनल मैच अगले महीने की पांच तारीख को लॉर्ड्स में होगा।